# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–06 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ स्थित लोक भवन में आयोजित प्रदेश की कैबिनेट बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिये गये। एक रिपोर्ट–

***वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि कैबिनेट बैठक में तेरह प्रस्तावों को मंजूरी मिली है। कैबिनेट में कुशीनगर और झांसी में नये स्टाम्प कार्यालयों के निर्माण को मंजूरी दी गयी है। कैबिनेट ने परिवार के ब्लड रिलेशन में सम्पत्ति दान पर भी बड़ी राहत प्रदान की है। अब परिवार के सदस्य को किसी भी प्रकार की सम्पत्ति दान करने पर स्टाम्प शुल्क सिर्फ पांच हजार रूपये देना होगा।। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम, दो हजार पचीस देश के ग्रामीण विकास परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि साबित होगा और यह एक विकसित भारत की नींव रखेगा। प्रस्तुत है एक रिपोर्ट–

***मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के निर्णय की प्रशंसा करते हुए कहा कि एक महत्वपूर्ण अधिनियम है। इसे पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने, रोजगार के अवसर सृजित करने, गारंटी प्रदान करने और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थायी संपत्ति का निर्माण करने के लिए पारित किया गया है। इससे ग्रामीण बुनियादी ढांचे में सुधार होगा। योगी आदित्यनाथ ने कहा नए अधिनियम में रोजगार सृजन और समय पर भुगतान की संभावनाएं हैं। सुशील चन्द्र तिवारी की रिपोर्ट के साथ मैं मुकेश कुमार बल।***

**********

भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर के बाद प्रदेश की मसौदा मतदाता सूची जारी कर दी है। आज दोपहर लखनऊ में एक पत्रकार वार्ता में राज्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवां ने बताया कि मसौदा मतदाता सूची में बारह करोड़ पचपन लाख छप्पन हजार पचीस मतदाताओं के नाम हैं। उन्होंने बताया कि मौजूदा मतदाता सूची के इक्यासी दशमलव तीन फीसदी मतदाताओं ने अपने फॉर्म भरकर नई मसौदा मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराया है। राज्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आज से लेकर छह फरवरी दो हजार छब्बीस तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी।

**********

सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार और कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ को कर्मचारी भविष्य निधि योजना–ईपीएफएस के तहत वेतन सीमा में संशोधन पर चार महीने के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया है। पिछले 11 वर्षों से इसमें कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। एक रिपोर्ट–

***न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और अतुल एस. चंदुरकर की पीठ ने एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए, ये निर्देश दिए। याचिका में कहा गया था कि वेतन सीमा में कोई बदलाव नही होने के कारण श्रमिकों का एक बड़ा वर्ग ईपीएफओ के दायरे से बाहर रह गया है। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अधिवक्ता प्रणव सचदेवा और नेहा राठी द्वारा दायर याचिका में तर्क दिया गया कि प्रति माह 15 हजार रुपये की मौजूदा वेतन सीमा मनमानी और तर्कहीन है और विशेषज्ञ निकायों तथा संसदीय समितियों की बारंबार की सिफारिशों के बावजूद, इसका मुद्रास्फीति, न्यूनतम मजदूरी या प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से कोई संबंध नहीं है। समाचार कक्ष से चन्द्रशेखर शर्मा।***

**********

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड– सीबीएसई ने परीक्षा संबंधी तनाव से निपटने के लिए विद्यार्थियों को मनोवैज्ञानिक परामर्श सहायता शुरू की है। सीबीएसई की परीक्षाएं इस वर्ष सत्रह फरवरी से शुरू हो रही हैं। एक रिपोर्ट–

***कक्षा 10वीं और 12वीं के परीक्षार्थियों के लिए निरूशुल्क परामर्श इस वर्ष पहली जून तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य परीक्षा संबंधी तनाव को कम करना है। विद्यार्थी टोल–फ्री नंबर 1800118004 पर हिंदी और अंग्रेजी में चौबीस घंटे सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा तनावमुक्त तैयारी, प्रभावी समय और तनाव प्रबंधन, अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों के उत्तर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करती है। दीपेन्द्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से आकर्षिता सिंह।***

**********

सक्रिय सुशासन और योजनाओं के समयबद्ध कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलबधि हासिल की है। इस विशेष श्रृंखला में आज मिशन अमृत सरोवर पर नजर डालते हैं।

***प्रगति के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर मिशन अमृत सरोवर की नियमित समीक्षा की गई। इस डिजिटल मंच पर केंद्र सरकार के मंत्रालयों एवं राज्य सरकारों और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एक साथ जुड़े, ताकि जमीन की उपलब्धता, विभागों के बीच समन्वय और फंड जारी करने जैसी समस्याओं का तेजी से समाधान हो सके। इस योजना के तहत 15 अगस्त 2023 तक कुल 50000 अमृत सरोवर बनाने का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन प्रगति की निगरानी के बाद काम में तेजी आई और अब तक देश भर में 68 हजार आठ सौ से अधिक अमृत सरोवर बनाए जा चुके हैं। इन जलाशयों के पास 23 लाख से अधिक पेड़ भी लगाए गए हैं। दीपेंद्र कुमार, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

मौसम विभाग ने आज और कल प्रदेश भर में कुछ स्थानों पर घना से लेकर अत्यंत घना कोहरा पड़ने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान मौसम शुष्क रहेगा और ठंड का प्रभाव बना रहेगा। इस बीच, कड़ाके की ठंड और कोहरे के कारण प्रदेश भर के स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

**********